# लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय,उज्जैन

## वार्षिक प्रतिवेदन– 2023–24

दिनांक :19.02.2024

**(01.07.2023 से फरवरी 24 तक)**

**दिनांक 01.07.2023** को बी.एड. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएँ प्रारंभ की गई जिसके अंतर्गत सभी प्राध्यापकों द्वारा ओरिएंटेशन दिया गया एवं प्राध्यापकों व प्रशिक्षणार्थियों का परिचय करवाया गया। ततपश्चात् PPT के माध्यम से सुश्री माधवी सगरे व डॉ.रेखा भालेराव द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई।

**दिनांक 06.07.2023** से 18.07.2023 तक बी.एड़.द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई।

**दिनांक 10.07.2023** को बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर Drama & Arts in Education की प्रायोगिक परीक्षा डॉ.नेत्रा रावणकर, प्राचार्य, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन बाह्य परीक्षक के द्वारा परीक्षा ली गई।

**दिनांक 09.07.2023** को बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा डॉ.बिल्किस बादशाह, सहा. प्राध्यापक, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन से बाह्य परीक्षक के द्वारा परीक्षा ली गई।

**दिनांक 14.07.2023** को डी.पी.एस.ई. का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

**दिनांक 18.07.2023** को लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन में प्रबंधन के साथ स्टाफ की बैठक आयोजित हुई जिसमें माननीय कार्यपालन अधिकारी महोदय श्री गिरीश जी भालेराव व माननीय अध्यक्ष श्री किशोर जी खंडेलवाल, माननीय सचिव श्री विश्वनाथ जी सोमण उपस्थि रहे।

**दिनांक** 19.07.2023 से 24.07.2023 तक बी.एड़. प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रथम अतिरिक्त चरण रहा, जिसमें 24 प्रवेशार्थियों की प्रवेश सूची प्राप्त हुई, जिसके अन्तर्गत 15 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया।

**दिनांक 31.07.2023** को शिक्षा महाविद्यालय में प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत उनके जीवनशैली एवं साहित्य पर प्रशिक्षणार्थी एवं प्रध्यापकों के द्वारा विचार व्यक्त किये गए।

**दिनांक 14.08.2023 को** प्राचार्य श्री देवेशजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तिरंगा रैली के आयोजन में लोकमान्य टिळक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन के समस्त शिक्षक व कर्मचारी तथा बी.एड़. प्रथम सेमेस्टर व बी.एड़. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित रहे।

**दिनांक 15.08.2023 को** लोकमान्य टिळक शिक्षा महाविद्यालय व लोकमान्य टिळक वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय सचिव श्री विश्वनाथ जी सोमण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की एवं ड़ॉ. स्नेहलता शिन्दे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। बी.एड़. तृतीय सेमेस्टर की प्रशिक्षणार्थी सोमाक्षी खटके द्वारा 69 वें स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की बी.एड़. की प्रावीण्य सूची में पॉचवा स्थान प्राप्त प्रशिक्षणार्थी साक्षी गादिया का सम्मान किया गया।

**दिनांक 26.08.2023 को''राखी बनाओ कार्यशाला''** का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में डॉ.रेखा भालेराव के मार्गदर्शन में बी.एड़. प्रथम सेमेस्टर व बी.एड़. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की राखियाँ बनाई गईं।

**दिनांक 05.09.2023** को बी.एड. प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ''शिक्षक दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्राध्यापकों का सम्मान किया गया।

**दिनांक 14.09.2023 को ''हिन्दी दिवस''** उपलक्ष्य में शिक्षा महाविद्यालय में तात्कालिक भाषण,अनौपचारिक पत्र लेखन व अन्ताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत बी.एड.प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

**दिनांक 15.09.2023** को **''मिट्टी से गणेशजी की प्रतिमा का निर्माण''** की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**दिनांक 25.09.2023** को शिक्षा महाविद्यालय में ''गणेशोत्सव'' के अतंर्गत बी.एड. प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया  जिसमें प्रशिक्षार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भजन प्रस्तुत किये।

**दिनांक 07.10.2023 को**''एन.सी.टी.ई.के निर्देशानुसार ''स्वच्छता अभियान'' के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की स्वच्छता की गई एवं साथ ही स्वच्छता हेतु शपथ ग्रहण की।

**दिनांक 15.10.2023** को भारत रत्न अब्दुल कलाम जी की जयंती का आयोजन किया गया जिसमें प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों पर विचार अभिव्यक्त किये गये।

**दिनांक 20.10.2023** को लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन में नवरात्रि के उपलक्ष्य पर ''गरबा उत्सव'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गरबों की प्रस्तुतियॉ दी गई।

**दिनांक 06.11.2023** को शिक्षा महाविद्यालय में ''दीपावली'' के अवसर पर दीप सज्जा, रांगोली एवं ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत बी. एड. प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सहभागिता कि गई।

**दिनांक 22.11.2023 से 24/11/23 तक** लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर की पूर्व विश्वविद्यालयीन परीक्षाऐं आयोजित की गई।

**दिनांक 11.12.2023 को** आज शिक्षा महाविद्यालय में प्रख्यात् शिक्षाविद् श्री सुब्रह्यण्यम भारती जी की जयंती के उपलक्ष्य में ''विभिन्न भारतीय भाषा दिवस'' पर गीत, लोकगीत, नाटक तथा विभिन्न भाषा संबंधी साहित्य की प्रदर्शनी लगाई गई एवं पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न भाषाओं के शुभकामना संदेश के वीडियों एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्राचार्य द्वारा प्राप्त संदेश का बी.एड.प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अवलोकन किया गया।

**दिनांक 19.12.2023** को बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत् समारोह एवं बी.एड.तृतीय समेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शनी तथा सुन्दरकांड का आयोजन किया गया।

**दिनांक 16.01.2024 से 25.01.24 तक** बी.एड. प्रथम सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर की विश्वविद्यालयीन परीक्षा आयोजित हुई।

**दिनांक 17.01.2024 से 20.01.2024** तक''मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग''के निर्देशानुसार लोकमान्य तिलक शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन में अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर एवं श्रीराम जी की मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत दिनांक 17.01.2024 को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की स्वच्छता की गई तथा दिनांक 18.01.2024 को परिसर सज्जा एवं

दिनांक 19.01.2024 को लेखन कार्य एवं दिनांक 20.01.2024 को प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ''रामराज्य की अवधारणा'' पर विचार व्यक्त किए गए।

**दिनांक 26.01.2024** से 13.02.2024 तक बी.एड. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर ब्रेक रहा।

**दिनांक 14.02.2024** से बी.एड.द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की कक्षाएँ प्रारंभ कि गई जिसके अन्तर्गत ''बंसत पंचमी उत्सव'' मनाया गया जिसमें प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ''मॉ सरस्वती जी'' का पूजन किया गया। ततपश्चात् कक्षाएँ प्रारंभ की गई जिसमें Academician/Motivational Speaker सुश्री प्रतिभा शर्मा द्वारा ''नेतृत्व एवं अभिप्रेरणा'' विषय पर व्याख्यान दिया गया।

**दिनांक 15.02.2024** को डी.पी.एस.सी. प्रथम वर्ष की प्रदर्शनी लगवाई गई तथा प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करवाई गई।

**दिनांक 19.02.2024** को शिवाजी जयंती पर श्रीमती अदिति तिवारी मेडम व डॉ. रेखा भालेराव मेडम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को दिवस की महत्ता पर विशेष उद्बोधन रहा।

**दिनांक 21.02.2024** को B.Ed. 2 sem Drama and art के अन्तर्गत पेपर कटिंग फोल्डिग की कार्यशाला का आयोजन डॉ रेखा भालेराव के द्वारा किया गया।

**दिनांक 5.03.2024** को Drama and art विषय के तहत B.Ed. 2 sem के प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय शैक्षिक भ्रमण के लिये भैरवगढ़ प्रिन्टिग व  भैरवगढ़ दर्शनस्थल पर ले जाया गया।

**दिनांक 02.04.2024** को रूक्मणी देवी शिक्षा महाविद्यालय की डायरेक्टर शालिनी दांगी द्वारा द्वारा **'' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन ''** पर व्याख्यान दिया गया।

**दिनांक 08.04.2024** को B.Ed. 2 sem Drama and art के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों ने **देश भक्ति गीतों** की प्रस्तुतियाँ दी।